अवैध शराब और बीयर बरामद

सादुलपुर, (निसं)। हमीरवास थाना पुलिस ने गश्त के दौरान गांव नीमा से खेतों के कच्चे रास्ते पर अवैध शराब और बीयर बरामद की है।

थाना अधिकारी मदनलाल बिश्नोई ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक जय यादव की ओर से शराब मादक पदार्थों को बेचने व तस्करी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत किशोरी लाल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला चूरू एवं सहायक पुलिस अधीक्षक प्रशांत किरण आईपीएस के सुपर विजिन में हेड कांस्टेबल विक्रम सिंह गश्त के लिए पुलिस दल के साथ रवाना हुए तथा सूचना मिली कि नीमा गांव से खेतों के कच्चे रास्ते पर एक लोहे के कंटेनर में पवन सिंह निवासी नीमां अवैध शराब बेच रहा है।

जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची तो देखा कि लोहे के कंटेनर के पास एक व्यक्ति खडा दिखाई दिया जो पुलिस जाप्ता ओर गाडी को देखकर फरार हो गया तथा लोहे के कंटेनर को चैक किया तो कंटेनर में 74 पव्वे ढोला मारू देसी शराब, आठ पव्वे देशी मदिरा गंगानगर शुगर मिल, आठ बोतल बीयर तथा 34 पव्वे विभिन्न ब्रांड के अंग्रजी के पव्वे बरामद हुए। पास ही खडी मोटरसाइकिल की जांच की तो पता चला कि आरोपी पवन सिंह की है, जिसको पुलिस ने जप्त कर लिया है तथा आरोपी पवन सिंह राजपूत निवासी नीमां के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जोहड़ की भूमि में कब्जा कर बनाया हिस्ट्रीशीटर का मकान तोड़ा

खेतड़ी, (निसं)। सिंघाना थाना क्षेत्र के चितौसा गांव में मंगलवार को प्रशासन की ओर से गैर मुमकिन जौहड़ में अवैध रूप से किए गए अतिक्रमण को जेसीबी मशीन लगाकर पक्का निर्माण तोड़ा गया।

तहसीलदार धीरेन्द्र यादव ने बताया कि चितौसा गांव में हिस्ट्रीशीटर अभय सिंह उर्फ अभिया की ओर से गांव के गैर मुमकिन जौहड़ में अतिक्रमण कर मकान का निर्माण करने की शिकायत मिली थी। जिस पर हल्का पटवारी को

■ **प्रशासन ने जेसीबी मशीन लगाकर हटाया अवैध अतिक्रमण**

भेजकर मौका निरीक्षण करवाया गया तो जोहड़ की भूमि में 200 वर्ग मीटर में अतिक्रमण कर मकान का निर्माण किया जा रहा था। इस दौरान मामले की रिपोर्ट जिला कलेक्टर को प्रस्तुत की गई। जिला कलेक्टर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए गैर मुमकिन जौहड़ से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए। जिस पर पुलिस व प्रशासनिक अफसरों की टीम मौके पर पहुंची। इस दौरान जोहड़ की भूमि में किए गए अतिक्रमण की तस्दीक कर अवैध अतिक्रमण कर बनाए गए मकान को जेसीबी मशीन लगाकर तोड़ दिया गया।

चितौसा गांव में प्रशासन ने गैर मुमकिन जौहड़ में अवैध रूप से किए गए अतिक्रमण को जेसीबी मशीन लगाकर तोड़ दिया।

इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने ग्रामीणों को किसी प्रकार का सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करने पर प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान कुछ लोगों की ओर से हल्का विरोध किया गया, लेकिन मौके पर मौजूद पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने स्थिति को देखते हुए समझाइश कर मामले को शांत करवाया गया। अवैध रूप से अतिक्रमण करने वाला अभय सिंह सिंघाना थाने का हिस्ट्रीशीटर है। जिस पर मारपीट, लूट, जानलेवा हमला, आर्म्स एक्ट के विभिन्न थानों में करीब एक दर्जन मामले दर्ज हैं।

पुलिस की ओर से आरोपी अभय सिंह को हार्डकोर अपराधी घोषित कर रखा है। इस दौरान टीम में बुहाना डीएसपी नोपाराम भाकर, तहसीलदार धीरेन्द्र यादव, थानाधिकारी कैलाश चंद यादव, एएसआई सुबेसिंह, धूडसिंह सहित पुलिस लाइन के जवान व सिंघाना, बुहाना, पचेरी कलां थाने का जाब्ता मौके पर मौजूद था।

पशु जन्य रोगों से बचाव के बारे में जागरूक किया

झुंझुनूं, (निसं)। राष्ट्रीय एकीकृत पशु जन्य रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत मंगलवार को एएनएम ट्रेनिंग सेंटर में चिकित्सा विभाग द्वारा पशु जन्य रोग से बचाव के बारे में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर ने बताया कि राष्ट्रीय एकीकृत स्वास्थ्य पशु जन्य रोग निवारण कार्यक्रम के अंतर्गत पशु जन्य रोग से बचाव और जागरूकता कार्यक्रम संचालित है। जिसमें आमजन को विभिन्न माध्यम से बचाव के लिए जागरूक किया जा रहा है। कार्यक्रम में डिप्टी सीएमएचओ डॉ. भंवरलाल सर्वा ने बताया कि पशु जन्य रोग में रेबीज़, स्क्रब टायफस, एवियन इनफ्लुएंजा, जापानी इंसेफेलाइटसिस, ब्रूसलॉसेस, सेल्मोनेसिस, एंथ्रेक्स, लेप्टोस्पायरोसिस इत्यादि आते हैं। जो पशुओं से मानवों में विभिन्न माध्यमों से फैल जाते हैं। जिससे बचाव के लिए बचाव उपाय और आवश्यक सावधानियां अपनाएं। डिप्टी सीएमएचओ हेल्थ डॉ. सर्वा ने बताया कि पशु जन्य रोग अप्रत्यक्ष संपर्क, वेक्टर जनित, वायु जनित, प्रत्यक्ष संपर्क और खाद्य जनित तरीके से फैल सकते हैं। उन्होंने बताया कि पशु जन्य रोग के अप्रत्यक्ष फैलाव में जानवरों के रहने- घूमने वाली सतह आती है। जो कीटाणुओं से दूषित हो जाती है एवं वेक्टर जनित का फैलाव कीड़े, घुन, मच्छर के काटे जाने पर पर होता है।

'अवैध खनन के खिलाफ अभियान चलेगा'

पाटन, (निसं)। जिले में खनन के कार्य में बिना नम्बर और फर्जी नम्बर प्लेट वाले वाहनों से खनिजों की ढुलाई, ओवरलोडिंग और अवैध विस्फोट के प्रकरणों में खान विभाग, वन विभाग और परिवहन विभाग के साथ मिलकर संयुक्त कार्रवाई करेंगे। जिला कलेक्टर शरद मेहरा ने मंगलवार को अधिकारियों को इसके लिए निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि नीमकाथाना जिले में बिना रजिस्टर्ड नम्बर की गाड़ियों का संचालन सहित खनन कार्य में कोई भी अवैध गतिविधि नहीं हो।

मेहरा ने विभिन्न अधिकारियों के साथ एक संयुक्त बैठक में निर्देश दिए कि वन विभाग हरियाणा सीमा से जुडे क्षेत्र में पडोसी राज्य के वन विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर अवैध खनन से जुडी सूचनाओं का आदान प्रदान करें। साथ ही सीमावर्ती क्षेत्र में अवैध खनन से जुडे लोगों की पहचान करें। वन विभाग व खनन विभाग संयुक्त अभियान चला पता लगाए कि अवैध खनन का माल कौन से क्रेशर पर उपयोग होता है। ऐसे क्रेशर के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

खनन और क्रेशर से निकलने वाले अपशिष्ट का निस्तारण उचित तरीके से नहीं किया जाता है, तो खनन विभाग क्रेशर व खदान मालिकों को नोटिस दे। अभियान के तहत सभी कॉमर्शियल वाहनों के स्पीड गवर्नर की जाँच करेंगे ओवरस्पीड पाई जाने, स्पीड गवर्नर खराब पाये जाने पर उनके चालान काटने, जिन गाडियों से रोडी उछलकर रोड पर गिरती है उनके भी चालान काटे। खनन विभाग माइनिंग क्षेत्र में हो रही हैवी ब्लास्टिंग की जांच करें नियमों के उलधंन पर उचित कार्यवाही करेंगे।

पानी की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने तहसीलदार को ज्ञापन दिया

पाटन, (निसं)। निकटवर्ती ग्राम मोहनपुरा खरकड़ा के लोगों ने पानी की समस्या को लेकर पाटन तहसीलदार मुनेश सर्वा को मुख्यमंत्री व जिला कलेक्टर के नाम का ज्ञापन सौंपा है।

ग्रामीणों ने बताया कि गांव में पानी की विकट समस्या है जिसको लेकर पूर्व में भी लोकसभा के चुनावों में ग्रामीणों द्वारा पानी की मांग की गई थी और ग्रामीणों ने चेतावनी दी थी अगर पानी नहीं मिला तो चुनावों का बहिष्कार किया जाएगा परंतु प्रशासन में ग्रामीणों की अनदेखी करते हुए समय पर पानी की व्यवस्था नहीं की। इस पर ग्रामीणों ने लोकसभा के चुनाव का बहिष्कार किया था।

चुनाव के चार माह बीत जाने के बाद भी प्रशासन द्वारा कोई स्थाई समाधान नहीं किया है जबकि पानी की

ग्राम मोहनपुरा खरकड़ा के लोगों ने पाटन तहसीलदार मुनेश सर्वा को ज्ञापन सौंपा।

गंभीर समस्या से ग्रामीण परेशान हैं। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में 1200 लोगों की आबादी है।

ऐसे में मात्र एक हैंडपंप ठीक है जिससे पानी मिल रहा है, हैंडपंप 24 घंटे में 1 घंटे पानी देता है जिस कारण सुबह 3 बजे से ही हैण्डपंप पर लाइन लगना शुरू हो जाती है, जो रात 11

■ **1200 आबादी वाले गांव में मात्र एक हैंडपंप ठीक है**

बजे तक लगी रहती है। पानी के अभाव में लोगों को पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है।

मजबूर होकर ग्रामीणों द्वारा टैंकरों से पानी मंगवाकर पीना पड़ रहा है। टैंकरों की रेट 450 से 500 हो चुकी है उसके बावजूद भी ग्रामीणों को मजबूर होकर मोल का पानी लेना पड़ रहा है, जबकि केंद्र सरकार की जल जीवन मिशन योजना के तहत हर घर को पानी मिले की योजना है उसके बावजूद भी नीमकाथाना जिले में बैठे अधिकारी केंन्द सरकार की योजनाओं की धज्जियां उड़ाने में लगे हुए हैं।

पपुरना गांव में शार्ट सर्किट से ट्रांसफार्मर में लगी आग

खेतड़ी, (निसं)। खेतड़ी उपखंड के पपुरना गांव में देर रात को बिजली विभाग की ओर से लगाए गए ट्रांसफार्मर में अचानक आग लग गई। इस दौरान आग लगने से गांव की लाइट गुल हो गई, जिसके चलते ग्रामीणों को पूरी रात अंधेरे में ही गुजारनी पड़ी।

ग्रामीणों ने बताया कि मोबाइल टावर के पास गांव में लाइट सप्लाई के लिए बिजली विभाग की ओर से 25 केवी का ट्रांसफार्मर लगाया हुआ है। जिसमें बिजली विभाग की ओर से समय-समय पर मेंटेनेंस नहीं करने की वजह से क्षमता से ज्यादा कनेक्शन होने से शार्ट सर्किट होकर आग लग गई है। इस दौरान ग्रामीणों ने आग को बुझाने का काफी प्रयास किया तथा विभाग के अधिकारियों को सूचना

■ **ग्रामीणों को अंधेरे में गुजारनी पड़ी रात**

देकर बिजली सप्लाई बंद होने के बाद आग पर काबू पाया जा सका। पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष निरंजन लाल सैनी ने बताया 25 केवी के ट्रांसफार्मर में विभाग की ओर से करीब पचास कनेक्शन जारी कर रखे हैं।

पूर्व में भी दो-तीन बार लोड बढ़ने से डीपी के फूज उड़ने से बिजली कई घंटे तक ठप हो गई थी, जिसको लेकर बिजली विभाग बबाई को अवगत करवाया था, लेकिन विभाग की ओर से कोई सुधार नहीं किया गया। बिजली खपत का लोड़ अधिक होने की वजह से आए दिन फ्यूज उड़ जाते हैं, जिससे ग्रामीणों काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा बिजली विभाग द्वारा किसी प्रकार का सुधार मेंटेनेंस व पावर मेंटेनेंस नहीं किया जाता है, जिससे इस प्रकार आग लगने का हादसा होता रहता है। गनीमत रही की आग लगने की घटना के दौरान उसके पास कोई मौजूद नहीं था नहीं तो जान माल की हानि हो सकती थी। ग्रामीणों ने अधिकारियों से बिजली सप्लाई बहाल करने की मांग की तो मौसम ख़राब होने का हवाला देकर सुबह सप्लाई बहाल करने की बात कही गई। जिसके चलते ग्रामीणों को पूरी रात उमस भरी गर्मी में अंधेरे में रात गुजारनी पड़ी। इस दौरान ग्रामीणों ने बिजली विभाग में खपत के अनुसार बड़ा ट्रांसफार्मर लगाने व बिजली सप्लाई बहाल करने की मांग की है।

नव प्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत किया

सादुलपुर, (निसं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हांसियावास में नव प्रवेशित विद्यार्थियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर संस्था प्रधान अनिल कुमार ने नव प्रवेशित विद्यार्थियों को विद्यालय के गत वर्षों की शिक्षकों की उपलब्धि और शानदार परीक्षा परिणाम के साथ सह शैक्षिक गतिविधियों यथा प्रार्थना सभा, खेल, बाल सभा, पी टी एम, आत्मरक्षा प्रशिक्षण, स्काउट गाइड एवं उत्सव जयंती आदि अवसरों पर होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। शारीरिक शिक्षक समीर पूनिया ने विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं एवं सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से अवगत करवाया।

6 फीट तक भरे बारिश के पानी को मात्र 15-20 घंटों में निकाला

तारानगर, (निसं)। तारानगर नगरपालिका ने क्षेत्र में 141 एमएम हुई बारिश से 6 फीट तक भरे बरसाती पानी की मात्र 15-20 घंटे में निकासी कर बड़ी सफलता हासिल की है।

क्षेत्रवासियों का कहना है कि क्षेत्र में भारी बारिश हुई जिससे शहर का निचले स्तर का सारा क्षेत्र पानी से लबालब हो गया। बाजार का मुख्य सड़क मार्ग पर 200 मीटर तक 6 फीट पानी भर गया और आवागमन बाधित हो गया।

बाजार के मुख्य मार्ग पर अम्बेडकर सर्किल से बस स्टेण्ड तक बनी सभी दुकानों में पानी घुस गया। जिससे व्यापारियों के काफी नुकसान हुआ है। अधिशाषी अधिकारी अजय

■ **ईओ सहित सफाई कर्मियों की मेहनत रंग लाई**

प्रताप सिंह ने बताया कि मानसून को ध्यान में रखते हुए बरसाती पानी की निकासी को लेकर हम और हमारी नगरपालिका की टीम एक महीने से लगे हुए हैं जैसे सभी मुख्य नालों की सफाई करवाना, ड्रेनेज़ की मोटर तैयार करवाई आदि व्यवस्थाओं को लेकर हम काफी दिनों से लगे हुए जिसका परिणाम हम सब के सामने है 15-20 घंटों में हमने शहर का मुख्य मार्ग की पानी निकासी करने में हम कामयाब हुए जो सब के सामने है इसमें आप सब का भी सहयोग रहा है।

विद्यालय परिसर में 100 पौधे लगाए

सीकर, (निसं)। मुख्यमंत्री पौधरोपण अभियान एवं अमृत पर्यावरण महोत्सव के तत्वावधान में मंगलवार को महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय जाजोद में लक्ष्मणगढ़ उपखंड अधिकारी मोहरसिंह मीणा, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी विद्याधार शर्मा , संस्था प्रधान राम चंद्र मील, आर.पी. सुरेश कुमार भास्कर एवं विद्यालय स्टाफ जोगेंद्र रणवां, रियाज खान, जुगल किशोर, रमेश चंद्र, संजीव कुमार, महेंद्र राम, रामसहाय कालेरा, अशोक कुमार, द्रौपदी ढाका, नवदीप, रमेश कुमार, सज्जन मीणा, गुरुदीप कुमार, रामनिवास बाटड़, अनिल कुमार, संदीप कुमार एवं समस्त विद्यालय के छात्र-छात्रों द्वारा विद्यालय परिसर में 100 पौधे लगाए।

उपखण्ड अधिकारी मोहरसिंह मीना ने छात्रों को पौधों की देखरेख के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने में सहयोग का आव्हान किया। सीबीईओ विद्याधर शर्मा द्वारा वायुमण्डल की शुद्धता के लिए अधिकाधिक पौधें लगाने की अपील की गई। रिसोर्स पर्सन सुरेश कुमार भास्कर ने कहा कि हमने ही पर्यावरण के साथ छेड़छाड़ कर पर्यावरण को बिगाड़ा है, इसलिए हमारी जिम्मेदारी बनती है कि हम पौधरोपण कर पर्यावरण का संरक्षण कर पर्यावरण संतुलन बनाएं। संस्थान प्रधानाचार्य रामचन्द्र मील द्वारा मौसम के अनुसार सर्दी व गर्मी से पौधों के बचाव के तरीकों की जानकारी दी।

बनवास में लगे गंदगी के ढ़ेर का विकास अधिकारी ने निरीक्षण किया

खेतड़ी, (निसं)। सिंघाना पंचायत समिति की मॉडल ग्राम पंचायत बनवास में गंदगी के ढ़ेर लगने के मामले में विकास अधिकारी ने मौका निरीक्षण किया। इस दौरान हकीकत सामने आने पर ग्राम विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी व कनिष्ठ तकनीकी सहायक सहित चार कर्मचारियों को लापरवाही मानते हुए कारण बताओ नोटिस थमाया गया है।

रविवार को मॉडल ग्राम पंचायत बनवास के मुख्य रास्तों में फैली गंदगी,

■ **ग्राम विकास अधिकारी सहित चार कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस दिया**

ग्रामीणों ने दिया दो दिन का अल्टिमेटम, आंदोलन की चेतावनी शीर्षक से प्रकाशन हुआ था। खबर के असर से सिंघाना पंचायत समिति के विकास अधिकारी ने तुरन्त प्रभाव से मामले को गंभीरता से लेते हुए पंचायत क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान पंचायत क्षेत्र की गलियों में कचरे के ढेर लगे पाए गए। जिस पर उन्होंने ग्राम विकास अधिकारी को निर्देश देकर नाला,

मॉडल ग्राम पंचायत बनवास में लगे गंदगी के ढेरों की विकास अधिकारी के निर्देश पर सफाई शुरू हुई।

नालियों, गलियों व कचरा पत्रों की सफाई करवाई गई। उन्होंने बताया कि कचरा सफाई करने वाला वाहन खराब होने के घर घर कचरा उठाने का कार्य नहीं हो पा रहा था।

जिसमें प्रभारी स्वच्छ भारत मिशन बिश्म्बर दयाल जांगिड़ , ब्लॉक समन्वयक सुरेन्द्र कुमार, ग्राम विकास अधिकरी पुष्पेन्द्र यादव, कानिष्ठ तकनीकि सहायक चेतन प्रकाश सैनी की लापरवाही मानते हुए कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिवस में जवाब मांगा गया है। इस दौरान उन्होंने ही डुमोली खुर्द के मुख्य रास्ते में पानी भराव की शिकायत का मौके पर जाकर समाधान करवाया गया । जिसमें मुख्य रास्ते से जोहड़ में पानी की पाईप डालने के लिए पीडब्ल्यूडी के सहायक अभियन्ता एंव ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत डुमोली को निर्देश दिए गए। इस मौके पर सहायक अभियंता हरिश यादव, ग्राम विकास अधिकारी संदीप कुमार, सरपंच प्रतिनिधि सतवीर दौराता सहित ग्रामीण मौजूद थे।

पर्यावरण पंचायत का आयोजन

रतनगढ़, (निसं)। पर्यावरण संरक्षण संबंधित पारिवारिक वानिकी कार्यक्रम "मैं भी भगतसिंह" अभियान के तहत ग्राम खोतड़ी में पर्यावरण पंचायत का आयोजन किया गया तथा राजस्थान के पहले भगतसिंह संस्थागत स्मृति वन का उद्घाटन किया गया। राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत और श्री सुभाष नवयुवक मंडल खोतड़ी के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम एसडीएम अमित कुमार वर्मा, सीबीईओ भंवरलाल डूडी, शेखावत संघ के प्रांतीय अध्यक्ष महावीर सिहाग व डूंगर कॉलेज, बीकानेर के अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त पर्यावरणविद् प्रोफेसर श्यामसुंदर ज्याणी आदि मंचस्थ रहे।

इस अभियान के संयोजक व मुख्य वक्ता पर्यावरणविद् प्रोफ़ेसर श्यामसुंदर ज्याणी ने बताया कि जलवायु परिवर्तन व भू-उपयोग परिवर्तन से वर्तमान में पर्यावरण प्रदूषण का संकट गहराता जा रहा है जो मानवता के सामने अब तक का सबसे बड़ा संकट है। इसके समाधान के लिए अपेक्षित प्रयास ना ही देशों के स्तर पर हो रहे है। ज्याणी ने बताया कि शहीद भगतसिंह की मानवतावादी वैश्विक विचारधारा शोषण व सामूहिक भले को समझने का एक जरिया प्रदान करती है। "मैं भी भगत सिंह" अभियान का मक़सद उसी तरीके के जरिए जलवायु संकट से उपजे पर्यावरणीय अन्याय की प्रक्रिया को समझने व इसके समाधान में आम जन को जोड़ना है।

सार-समाचार

महाविद्यालय में पौधारोपण किया

झुंझुनूं, (निसं)। दुराना स्थित कॅरिअर महाविद्यालय में मुख्यमंत्री पौधारोपण अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष इंजी. प्यारेलाल ढूकिया तथा संस्था सचिव इंजी. पीयूष ढूकिया के साथ छात्र-छात्राओं ने पौधारोपण किया तथा पौधों की रख-रखाव की जिम्मेदारी ली। जिला उपाध्यक्ष एवं जिला संयोजक ने पेड़ों का महत्व बताया और कहा पेड़ प्रकृति के अनुपम उपहार होते हैं। उन्हें बचाना व रक्षा करना हमारा फर्ज है। पेड़ सूर्य, वर्षा और हवा के प्रभावों को कम करके जलवायु को नियंत्रित करते हैं। पत्तियां सूर्य की विकिरण ऊर्जा को अवशोषित और फिल्टर करती हैं। संस्था सचिव इंजी. पीयूष ढूकिया ने बताया कि अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाकर पृथ्वी के वातावरण संतुलन को बनाए रखा जा सकता है। पेड़ बाढ़, मिट्टी के कटाव व वायु प्रदूषण को रोकते हैं। इस अवसर पर समस्त स्टाफ सदस्य एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

रमेश पूनिया का प्रमोशन होने पर सम्मान

झुंझुनूं, (निसं)। बुडाना के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में भौतिक विज्ञान के पद पर कार्यरत रमेश कुमार पूनियां का उप प्रधानाचार्य के पद पर प्रमोशन होने पर विद्यालय परिसर में विदाई दी गई। प्रधानाचार्य सुशीला जानूं के नेतृत्व में समस्त स्टाफ सदस्यों ने पूनियां का साफा पहनाकर सम्मान किया। इसके बाद उन्होंने नई जगह राउमावि चंदवा में बतौर उप प्रधानाचार्य के रूप में पदभार संभाल लिया। गौरतलब है कि उप प्रधानाचार्य रमेश कुमार पूनियां ने बुडाना के राउमावि में भौतिक विज्ञान के व्याख्याता के पद पर नौ वर्ष तक सेवाएं दी। इस दौरान उन्होंने विद्यालय में शैक्षिणक वातावरण को बेहतर बनाने व भौतिक उत्थान के लिए सकारात्मक प्रयास किया। इसके अलावा अभिभावकों, ग्रामीणों व सामाजिक कार्यकर्ताओं से भी पूनियां ने बेहतर संबंध निभाएं। बेहतर अनुभवी शिक्षक होने के नाते विद्यालय के साइंस वर्ग का शत प्रतिशत परिणाम भी रहा हैं। इधर, विदा होते हुए उप प्रधानाचार्य रमेश कुमार पूनियां ने कहा कि बुडाना में काम करने का जो अनुभव मिला है। वह अगली पारी में काम आएगा। यहां के बच्चों, स्टाफ सदस्यों, ग्रामीणों का जो सहयोग मिला वह हमेशा याद रहेगा।

207वां चिकित्सा शिविर 12 जुलाई को

नवलगढ़, (निसं)। हर माह आयोजित होने वाला निशुल्क विशाल आंखों का चिकित्सा शिविर 12 जुलाई को छावसरिया धर्मशाला में आयोजित किया जाएगा। शिविर शारदा क्रोपकेम लिमिटेड के आर्थिक सौजन्य से, सामाजिक विकास हेरिटेज व वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन फाउंडेशन द्वारा झुंझुनूं जिला अंधता निवारण समिति के आर्थिक सहयोग से डॉ. विमलेश आई केयर एंड मेडिको वेलफेयर सोसायटी व अलॉयंस क्लब नवलगढ़ लार्ड कृष्णा की ओर से लगाया जाता है। जिसमें जयपुर के डॉ. अविनाश पुरोहित की टीम द्वारा ऑपरेशन किए जाएंगे। डॉ. दयाशंकर जांगिड़ फाउंडेशन के निदेशक डॉ. शंकरलाल सैनी, प्रांतपाल डॉ. राजेश सैनी, पीआरओ केके डीडवानिया, सचिव मुरलीमनोहर चोबदार, सुहित पाडिया ने सभी लोगों को शिविर का लाभ उठाने की अपील की है। शिविर में आने वाले रोगी अपना आधार कार्ड साथ लाएं। रोगी को शुगर व हाई ब्लड प्रेशर नहीं होना चाहिए। शिविर मे खाना दवा चश्में निशुल्क दिए जाएंगे। शिविर का उदघाटन भाजपा नेता शुभकरण चौधरी पूर्व विधायक उदयपुरवाटी करेंगे। इस अवसर पर उनका अभिनंदन भी किया जाएगा।

जन्मदिवस पर रक्तदान आज

झुंझुनूं, (निसं)। नगर परिषद के पूर्व उप सभापति वीरेंद्र डारा के 50वें जन्मदिवस पर उनके समर्थकों व प्रियजनों द्वारा बुधवार को विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। पार्षद कैलाश कुमावत व सुमित खेदड़ ने बताया कि बुधवार को बंधे का बालाजी के समीप स्थित फॉर्म हाउस पर सुबह 8 बजे से देर शाम तक चलने वाले शिविर में बीडीके अस्पताल के डॉ. कपिल सिहाग के नेतृत्व में गठित मेडिकल टीम के निर्देशन में 'रक्तदान महादान' के संकल्प के साथ बंधे बॉयज टीम के सदस्य, मित्रगण व शुभचिंतकों द्वारा विशाल संख्या में रक्तदान किया जाएगा। इस अवसर पर प्रत्येक रक्तदाता व बंधे बॉयज ग्रुप सदस्यों द्वारा पौधारोपण कर उन पौधों के रखरखाव का संकल्प लिया जाएगा।

जरूरतमंद बच्चों को स्कूल बैग वितरण

झुंझुनूं, (निसं)। महावीर इंटरनेशनल सनराइज द्वारा संस्था संरक्षक वीर डॉ. एसके भार्गव के सौजन्य से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मोडा पहाड़ परिसर में जरूरतमंद बच्चों को स्कूल बैग वितरण किए गए। कार्यक्रम में संस्था चेयरमैन राजेंद्र प्रसाद जोशी, संरक्षक डॉ. एसएन शुक्ला, डॉ. एसके भार्गव, अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्यामसुंदर जालान, रीजन सेक्रेटरी महेश कुमार मूंड, जोन चेयरमैन नागरमल जांगिड़, देवेंद्र कुमार गौड़, अशोक शर्मा, अनुपम शर्मा, चंद्रप्रकाश शुक्ला, लाला टेलर, ओमप्रकाश ककरानिया, मुबारक अली पहाड़ियान, अकराज कुरैशी, स्कूल प्रधानाचार्य एवं समस्त स्टाफ काफी संख्या में गणमान्य जन उपस्थित रहे।

विष्णु दीक्षित जिला मंत्री बने

सीकर, (निसं)। भाजपा में एक पद पर संगठनात्मक नियुक्ति की गई है। प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सीपी जोशी की सहमति से जिलाध्यक्ष डॉ. कमल सिखवाल ने जिला मंत्री कार्यालय के पद पर विष्णु दीक्षित की नियुक्ति की है। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी। दीक्षित के जिला मंत्री कार्यालय नियुक्त होने पर भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है। भाजपा के एक पेड़ मां के नाम अभियान में मंगलवार को दासा की ढ़ाणी में करीब पांच सौ पौधे लगाए गए। जिलाध्यक्ष डॉ. कमल सिखवाल के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने यह पौधे लागए। डॉ. सिखवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर पार्टी अभियान चलाकर एक पेड़ मां के नाम लगा रही है। सभी को अभियान से जुड़कर सर्वाधिक पौधारोपण करना चाहिए। कहा कि इन पौधों को बड़ा होने तक जिम्मेदारी से इनकी देखभाल करें।

राज्यपाल से की शिष्टाचार मुलाकात

पाटन, (निसं)। पाटन तहसील के सर्व ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष एवं युवा विकास परिषद के पूर्व अध्यक्ष चंद्रशेखर शर्मा ने गवर्नर कलराज मिश्र से राजभवन पहुंचकर शिष्टाचार मुलाकात कर गुलदस्ता भेंट किया। शर्मा ने महामहिम राज्यपाल से पाटन आने का निमंत्रण दिया, इस पर महामहिम कलराज मिश्र ने शर्मा को अवगत करवाया कि विशेष कार्यक्रम पर पाटन अवश्य पहुंचूंगा। इस दौरान डॉक्टर एस के चौधरी शंकरा ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन कुकस के चैयरमेन एवं गवर्नर के नॉमिनी भी उपस्थित थे।

विक्रम सिंह जिला संयोजक नियुक्त

चूरू, (कासं.)। स्वदेशी जागरण मंच जयपुर प्रांत की बैठक में क्षेत्रीय संयोजक डॉ. सतीश आचार्य व प्रदेश संयोजक सुरेंद्र कुमार नामा ने दूधवाखारा निवासी एडवोकेट विक्रम सिंह राठौड़ को चूरू जिला संयोजक मनोनीत किया है। साथ में सुशील जांगिड़ को सह जिला संयोजक व मोहित सैनी को जिला प्रचार प्रमुख बनाया गया है। विक्रम सिंह व उनके सहयोगी जिले में स्वदेशी जागरण मंच का कार्यभार संभालेंगे। यहां स्वदेशी एवं स्वावलंबन के अपने कार्य को बल एवं गति देने एवं आगामी कार्य योजना की दृष्टि से यह घोषणा हुई है। एडवोकेट विक्रम सिंह राठौड़ को स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक नियुक्त किए जाने पर एडवोकेट्स एवं अन्य लोगों ने खुशी का इजहार किया है।

एक पौधा मां के नाम लगाया

रतनगढ़, (निसं)। तहसील के ग्राम रतनसरा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को सरपंच विजयपाल थालोड़ के सान्निध्य में एक पौधा मां के नाम वृक्षारोपण महाभियान के अंतर्गत विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया ।